माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय

भीलवाड़ा (राज.)

विवरणिका

2022-23

प्राचार्य सन्देश

प्रिय विद्यार्थियों

उच्च शिक्षा विद्यार्थी के व्यक्तित्व के भौतिक और नैतिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण सोपान होता है। वस्तुतः यह मनुष्य के जीवन को बेहतर बनाकर उसके मनुष्यत्व में निखर लाता है। नए सत्र में आप सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं कि आपने राज्य के प्रसिद्ध एवं अग्रणी महाविद्यालयों में से एक माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय को चुना है। यह महाविद्यालय समृद्ध परम्पराओं और अकादमिक विशिष्टताओं से लैस है। इनके बीच जीवन के कुछ वर्ष बिताना आपको अपनी आकांक्षाओं की सफलता को ऊँचाई तक ले जाएगा।

शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में निहित होता है। आपके इस विकास के लिए महाविद्यालय में शैक्षणिक और सह–शैक्षिणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियों का मंच मुहैया कराया जाता है। अपने सकारात्मक दृष्टिकोण व सार्थक पहल से आप यहाँ के उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग कर बुलंदियों तक जा सकेंगे।

जीवन में सफलता के रास्ते का कोई शॉर्टकट नहीं होता। किसी भी प्रकार की सफलता के लिए कठोर परिश्रम, त्याग और गहन समर्पण के साथ ही साथ अनुशासन की आवश्यकता होती है। अगर आप इन्हें अपनाते हैं तो यह महाविद्यालय परिवार आपको पूर्ण सहयोग दे सकेगा। यहाँ आपकी हर समस्या का समाधान सार्थक संवाद के माध्यम से करने की परम्परा है।।

मझे विश्वास है कि आप महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों से अपना शारीरिक और मानसिक विकास कर इस महाविद्यालय की गरिमा और इसके अकादमिक स्तर को और ऊपर उठाएँगे। आप कोई ऐसा काम न करें, जिससे महाविद्यालय की छवि या समाज को ठेस पहुंचे।

नवीन सत्र में हम सभी मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें जिससे आनेवाली पीढियाँ हम पर गर्व करें। इसी आशा के साथ आप को पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।

माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय
भीलवाड़ा (राजस्थान)

विवरणिका

2022–23

प्रकाशक

माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय

भीलवाड़ा–311001(राज.)

दूरभाष :(01482–239970 फैक्स:(01482–231810)

Website: **http://www.mlvgc.rajasthan.gov.in**

Email mlv1_bhilwara@yahoo.co.in

प्रो.चेतना सहल

प्राचार्य

आवश्यक सूचना

यद्यपि इस विवरणिका में सभी सरकारी आदेशों, नियमों, सूचनाओं को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी विसंगति होने पर मूल आदेशों, नियमों, सूचनाओं को ही अधिकृत माना जाये.

विवरणिका में संकलित सामग्री में किसी भी प्रकार का संशोधन, परिवर्द्धन, विलोपन आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार किया जा सकेगा.

अनुक्रमणिका

महाविद्यालय परिचय
विद्यार्थियों के लिए सामान्य निर्देश
प्रवेश विधि
सीट मेट्रिक्स
स्नातक स्तर पर उपलब्ध पाठयक्रम
स्नातकोत्तर स्तर पर उपलब्ध पाठयक्रम
शोध सुविधा
शुल्क तालिका
राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा देय छात्रवृत्तियाँ
सहशैक्षणिक गतिविधियाँ
1. राष्ट्रीय सेवा योजना
2. एन. सी.सी.
3. रोवर स्काउटिंग
4. खेलकूद
5 योजनामंच
6. स्नातकोत्तर परिषद्

छात्रोपयोगी सुविधायें
1. प्लेसमेण्ट एवं कैरियर गाइडेंस सेल
2. मानव अधिकार क्लब
3. छात्र परामर्श ब्यूरो विद्यार्थी मार्गदर्शन परामर्श, Student Help Desk
4.महिला प्रकोष्ठ
5. उपभोक्ता मंच
6. रेड रिबन क्लब
7. ईको क्लब
8. गांधी अध्ययन केन्द्र
9. उडान योजना
10. आवाज दो(स्पीक अप) क्लब
11.विद्यार्थी शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
12. महिला उत्पीड़न निवारण समिति
13.**अनुसूचित जाति एवं जनजाति(अत्याचार निवारण)अधिनियम**
14.महाविद्यालय पत्रिका एवं बुलेटिन
15.दूरस्थ शिक्षा केन्द्र

महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को प्रदत्त सुविधायें
1. पुस्तकालय
   - बुक बैंक
   - सामुदायिक पुस्तकालय
   - इनफिलिब नेट
2.महाविद्यालय छात्रावास
3.जलपानगृह

विभिन्न कक्षाओं के प्रभारी परामर्शदाता
समय सारणी
महाविद्यालय का मानचित्र
महाविद्यालय परिवार

महाविद्यालय : एक परिचय

माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय दक्षिण पूर्वी राजस्थान का एक प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान है. महाविद्यालय का विशाल परिसर शहर के मध्य लगभग 21.30 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है. 1951–52 में इन्टर कॉलेज के रूप में स्थापित इस महाविद्यालय में 1956 में स्नातक स्तर की कक्षाओं का अध्यापन कार्य आरंभ हुआ. सन 1968 में सर्वप्रथम भौतिकशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर कक्षाऐं प्रारंभ हुई. आज 16 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्यापन कार्य हो रहा है.

प्रारंभ में यह महाविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से संबद्व था. महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की स्थापना(1988) के बाद से ही यह उससे संबद्व हैं. निरन्तर प्रगति के सोपान चढ़ते हुए आज इस महाविद्यालय में 16 विषयों में स्नातकोत्तर स्तर के अध्ययन की सुविधाओं के साथ, वाणिज्य संकाय में दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम तथा भौतिकशास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषयों में एम.फिल. के अध्ययन के अवसर उपलब्ध है.

महाविद्यालय के विशाल परिसर में 70 कक्षा–कक्षों के अतिरिक्त भौतिकशास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, प्राणिशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भूगोल, कम्प्यूटर विभागों एवं ज्ञान केन्द्र में सुव्यवस्थित और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाऐं कार्यरत हैं. परिसर में ही 1.30 लाख पुस्तकों वाला पुस्तकालय संचालित है. इसमें समसामयिक पत्र–पत्रिकाओं के अलावा सभी विषयों की शोध पत्रिकाएँ मंगायी जाती है.

खेलकूद गतिविधियों हेतु खेल के मैदान, 400 मीटर ट्रेक, बास्केट बॉल, हैंड बॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, एवं बेडमिंटन व वेटलिफ्टिंग के इनडोर गेम्स हॉल की सुविद्या विद्यमान है. वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा मनोरम वनस्पति उद्यान भी संचालित है. 120 छात्रों के लिए आवास हेतु सुविधाजनक छात्रावास भवन है. महाविद्यालय के भौतिक एवं ढांचागत विस्तार का कार्य निरन्तर प्रगति पर है.

नियमित रूप से अध्ययन न कर पाने वाले विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करने हेतु महाविद्यालय परिसर में इंदिरा गाँधी खुला विश्वविद्यालय, दिल्ली, व वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का अध्ययन केन्द्र भी संचालित हो रहा है.

नवीनतम उपलब्धि के रूप में राज्य सरकार ने इस महाविद्यालय को 'आदर्श महाविद्यालय' का दर्जा प्रदान किया है. इसी क्रम में यहाँ लेंग्वेज लेब, रोजगारोन्मुखी पाठयक्रम, कैरियर काउसिंलिंग ब्यूरो एवं प्लेसमेन्ट सेल प्रारंभ किए हैं. जो वर्तमान में सूचना प्रौद्योगिकी युग की आवश्यकताओं के अनुसार विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं उनको प्रतिस्पर्धात्मक युग के अनुरूप विकसित होने का अवसर प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है.

विद्यार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1.महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर व्यक्तित्व निर्माण एवं उच्च अध्ययन हेतु आपको स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ है. आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अनुशासन एवं मर्यादा में रहते हुए अध्ययन करेगें और अपनी सफलताओं से इस महाविद्यालय के गौरव में वृद्धि करेगें. आपसे अपेक्षा है कि अध्ययनक्रम के साथ–साथ आप महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों में भी अपनी रुचि के अनुसार सक्रिय बने रहें।

2.महाविद्यालय की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए महाविद्यालय के अंदर या बाहर ऐसा कोई आचरण नहीं करें, जिससे इसकी अर्जित ख्याति को धक्का लगे. आपसे कर्तव्यपरायणता और शालीन आचरण की अपेक्षा की जाती है।

3.सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे समयसारिणी, विषय एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी भलीभाँति प्राप्त कर लें और कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहें. महाविद्यालय की समयसारिणी में कभी भी परिवर्तन किया जा सकता है।

4.विद्यार्थी को अपना परिचय पत्र सदैव अपने साथ रखना अनिवार्य है. यदि यह गले में पहनने के लिए बनाया गया है तो आप इसे गले में इस प्रकार से पहनें कि आपका नाम और कक्षा हमेशा नजर आती रहे. प्राध्यापकों या अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर उन्हें परिचय पत्र दिखायें. परिचय पत्र के बिना महाविद्यालय में आने की अनुमति नहीं है

5.महाविद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच सम्पर्क का एक मात्र जरिया सूचनापट ही होता है अतः सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह प्रतिदिन इसे नियमित रूप से देखते रहें.

6.नवीन शैक्षणिक सत्र 2 जुलाई 2022 से प्रारम्भ हो रहा है. सत्र के प्रारम्भ से ही आप नियमित रूप से अपनी कक्षाओं में अध्ययन हेतु उपस्थित रहने का प्रयास करे.

7.प्रत्येक विषय/प्रश्न पत्र में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता का विशेष एवं गंभीरता पूर्वक ध्यान रखें अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी. उपस्थिति गणना सत्रारंभ/कक्षारंभ के प्रथम दिन से ही की जाती है, चाहे प्रवेश किसी भी कारण से विलम्ब हुआ हो अथवा छात्र विलम्ब से कक्षा में आने लगा हो.

8.राज्य सरकार के निर्देशानुसार एक कालांश 1 घंटे का होता है यथासंभव एक ही कक्षा में एक ही सेक्शन की कक्षायें होगी. अतः प्राध्यापक के आने तक शालीनता से अपने कक्ष में बैठकर अध्ययन करते रहें.

9.शिक्षक के कक्षा में प्रवेश करने से पूर्व ही अपना स्थान ग्रहण कर लें तथा कक्षा के समाप्त होने पर शिक्षक के कक्षा से प्रस्थान करने के बाद ही कक्षा से बाहर जायें. विद्यार्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह कुर्सियों को कमरों से बाहर नहीं निकालेंगें और न ही कक्षाओं में उनकी व्यवस्थाओं को भंग करेगें. कक्षा के बीच में से किसी छात्र/छात्रा को न बुलायें और न ही किसी के बुलाने पर बाहर जायें.

10.प्राध्यापक के नहीं आने की स्थिति में परिसर में शोर नहीं करें व शैक्षणिक वातावरण को बनाये रखने हेतु कक्षा में बैठकर अध्ययन करते रहें. रिक्त कालांश होने पर गैलरी, पोर्च या कॉरीडोर में न खडे रहें और न ही बगैर किसी काम के कारीडोर में भ्रमण करें. कक्षा नहीं होने की स्थिति में परिसर में पेडों के नीचे /बेंचों पर बैठे एवं स्वाध्याय करें.

11.छात्र अपने खाली समय का उपयोग पुस्तकालय व वाचनालय में उपयुक्त रूप से करें. अपने ज्ञान की अभिवृद्धि के लिए आप पुस्तकालय और वाचनालय की पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं का नियमित एवं अधिकाधिक उपयोग करें. पुस्तकों एवं पत्रपत्रिकाओं के पन्ने फाड़ना उन्हें नष्ट करना, चित्र फाड़ना, गंदे करना दण्डनीय अपराध है.

12.महाविद्यालय का फर्नीचर, प्रयोगशाला की सामग्री, विद्युत सामग्री तथा अन्य चल–अचल सम्पत्ति आपकी एवं राष्ट्र की धरोहर है. अध्ययन कक्षों में फर्नीचर को व्यवस्थित रखें क्योंकि सार्वजनिक सम्पति की रक्षा करना आपका नैतिक दायित्व है. फर्नीचर को क्षतिग्रस्त न करें. दरवाजे खिड़कियों के काँच न तोडें. बिजली के स्विच, वाटर कूलर को नुकसान न पहुंचाये. और ऐसा करने वालों को रोककर अच्छे व्यवहार के परिचायक बनें. आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप महाविद्यालय सामग्री की सुरक्षा करें और महाविद्यालय प्रांगण को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दें.

13.महाविद्यालय परिसर की पर्यावरणीय शुद्धता, स्वच्छता एवं सुन्दरता को बनाये रखना अपका प्रमुख दायित्व है. अतः दीवारों पर लिखना, कागज फैंकना, दीवारों पर थूकना, कागज चिपकाना, परिसर में पान व गुटखा खाना, धूम्रपान करना वर्जित है. दोषी छात्रों के विरूद्व सख्त कार्यवाही की जोयगी

14.मादक द्रव्यों का सेवन करके नशे की अवस्था में परिसर में आना दण्डनीय अपराध है. नशे की स्थिति में पाये जाने पर विद्यार्थी को महाविद्यालय से निष्कासित किया जावेगा.

15.इस संस्था में सहशिक्षा की व्यवस्था है, इसलिए छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि वे एक दूसरे के प्रति सम्मान एवं सहयोगात्मक आचरण करें। बरामदों, गलियारों व कक्षा में आते/जाते हुए पहले छात्राओं को जाने दें.

16. महाविद्यालय के कार्यालय में कोई भी महत्वपूर्ण मूल प्रमाण पत्र सौंपने से पूर्व उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि पर्याप्त संख्या में अपने पास अवश्य रख लें. अतिआवश्यक स्थिति में प्रवेश आवदेन पत्र से कोई भी प्रतिलिपि दिया जाना नियमानुसार शुल्क द्वारा ही सम्भव है. महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर आपको शुल्क अदायगी की पावती(रसीद) मिलेगी, इसे भी संभालकर रखें.

17.स्थानीय डाक पते में परिवर्तन की सूचना स्थानीय संरक्षक से प्रमाणित कराकर, नवीन पते की पूरी जानकारी अकादमी शाखा/छात्र परामर्शदाता को जमा करावें.

18.महाविद्यालय में निर्धारित स्टेण्ड पर ही टोकन प्राप्त कर अपना वाहन रखें. परिसर में अन्यत्र वाहन रखना दण्डनीय अपराध है. निर्धारित स्थल से अलग रखे जाने पर वाहन चोरी होने, क्षतिग्रस्त होने का दायित्व महाविद्यालय प्रशासन का नहीं होगा. यदि वह साइकिल के अलावा अन्य वाहन लाएगा, तो उसका समेकित बीमा (Comprehensive Assurance) होना आवश्यक होगा।

19. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल फोन लाना राज्य सरकार के निर्दशानुसार वर्जित है. आज्ञा की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी.

20.किसी भी प्रकार की उच्छृंखलता का प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय अध्यादेश 88 एवं 152 के प्रावधान के अनुसार दण्ड दिया जा सकेगा. अगर कोई छात्र गंभीर दुर्व्यवहार या जानबूझकर छात्रधर्म की उपेक्षा करने का दोषी पाया जाता है तो प्राचार्य द्वारा उसकी प्रवृत्ति और अपराध के गाम्भीर्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर उस छात्र को विश्वविद्यालय अध्यादेश 88 के अन्तर्गत दण्ड दिया जा सकेगा. ऐसे निष्कासित छात्र को महाविद्यालय की अनुमति के बिना अन्य किसी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं मिलेगा.

21.भारत के उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार छात्र/छात्रा उत्पीडन(Ragging)एक गंभीर संज्ञेय अपराध है. रेगिंग के मामलों में अब प्राथमिकी दर्ज कराना अनिवार्य होगा. इस प्रकार के किसी भी मामले में आरोपी छात्र को दोषी पाये जाने पर कठोर दण्ड दिया जायेगा. जिसमें छात्र का तुरन्त निष्कासन भी संभव है. सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्पीडन की सूचना प्राचार्य/उपाचार्य/आचार्य को तुरन्त दें.

22.महाविद्यालय में अध्ययन के साथ नौकरी या व्यवसाय करने की स्थित में जानकारी महाविद्यालय में उपलब्ध करावें व नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र भी महाविद्यालय में प्रस्तुत करें.

23.परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाये गये छात्र को छात्रवृत्ति एवं शुल्क मुक्ति नहीं दी जायेगी. साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति व अन्य पिछडे वर्ग के छात्रों की उपस्थिति निर्धारित प्रतिशत से कम होने पर उन्हें छात्रवृत्ति देय नहीं होगी.

24.महाविद्यालय में किसी भी संस्था या क्लब के निर्माण हेतु प्राचार्य की पूर्व अनुमति आवश्यक है. इस प्रकार किसी भी सभा या आयोजन करने पर बाहर से किसी व्यक्ति को आमंत्रित करने के लिए भी प्राचार्य की पूर्व अनुमति आवश्यक है.

25.महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में महाविद्यालय के नियमित छात्र ही भाग ले सकेंगे, अन्य नहीं.

26.महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थी होने के कारण यह आपका दायित्व बनता है कि आप किसी बाहरी छात्र या व्यक्ति को अपने साथ लेकर महाविद्यालय में नहीं आयेंगें, चाहे वह आपका मित्र या परिचित ही क्यों न हो. इसकी अवहेलना करने पर आपके विरूद्व कार्यवाही की जा सकती है.

27. सभी शिक्षकों, कर्मचारियों का सादर अभिवादन किया जाना हमारी संस्कृति के अनुरूप सभी छात्रों से अपेक्षित है.

प्रवेश विधि

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन आनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं. स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश की निर्धारित तिथियों के बारे मे जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाती है. प्रवेशार्थी ईमित्र के द्वारा या स्वयं भी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते है. आवेदन करने के लिए प्रवेशार्थी को अपनी एसएसओ आईडी से कॉलेज शिक्षा निदेशालय के प्रवेश पोर्टल dce.rajasthan.gov.in पर लॉग इन करना होगा. प्रवेशार्थी आवेदन को अंतिम रूप से सबमिट करने से पहले सारी प्रविष्टियों को भली भाँति जाँच ले क्योंकि एक बार आवेदन पत्र सबमिट करने के बाद आपको उसमें संशोधन की सुविधा नहीं मिलेगी.

फार्म भरने की अंतिम तिथि के बाद मेरिट लिस्ट जारी होने के दिन प्रथम वरीयता सूची और उसके बराबर ही प्रथम प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी. यह सूची योग्यताक्रम से महाविद्यालय सूचनापट पर लगाई जाएगी. यदि इस सूची में आपका नाम है तो आपके मोबाइल नम्बर पर इस बारे में सूचना आयेगी कि आपको मूल प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए महाविद्यालय में किस दिन प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना है.

मोबाइल पर प्राप्त संदेश में दिये गये आपके आवेदन पत्र क्रमांक द्वारा ईमित्र से आपको बधाई पत्र और फार्म की हार्ड कॉपी प्राप्त करनी है. इनके साथ वांछित प्रमाणपत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति(मय मूल प्रमाण पत्र) लेकर आपको प्रवेश समिति के सम्मुख निर्धारित समय एवं स्थान पर, जिसकी सूचना महाविद्यालय के सूचनापट पर लगा दी जाएगी, सत्यापन करवाने हेतु उपस्थित होना होगा। **तकनीकी कारणों से यदि मोबाइल पर सूचना नहीं भी मिले तो यह आवदेक विद्यार्थी का दायित्व है कि वह योग्यता सूचियों का अवलोकन महाविद्यालय सूचना पटट पर करते रहें. ध्यान रहे कि समय पर मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन नहीं करवाने की स्थिति में प्रवेश से वंचित होना पड़ेगा।**

सत्यापन के समय निम्नांकिंत मूल प्रमाण पत्रों के साथ आना होगा.

(1) मूल **स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टी.सी.)**

(2) **विगत शिक्षण संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाणपत्र (सी.सी.)**

(3) अर्हकारी **परीक्षा की मूल अंकतालिका**

(4) स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के आवेदकों के लिए आवेदनपत्र के साथ स्नातक कक्षाओं के तीनो वर्षों की अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतिलिपियाँ।

(5.) प्रव्रजन प्रमाणपत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) – यदि प्रवेशार्थी म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर या राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के कार्यक्षेत्र के बाहर से आ रहा हो।

(6) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति का मान्य प्रमाणपत्र।

(7) विकलांग श्रेणी का प्रमाण पत्र(यदि आप ने इस श्रेणी में आवेदन किया होा तो)

(8) अन्य **ऐसे सभी प्रमाणपत्र, जिनके आधार पर प्रवेश में नियमानुसार रियायतें चाही है. इनमें आपके एन.एस.एस, एन.सी.सी., या अन्य कोई प्रमाणपत्र सम्मिलित है.**

(9) प्रवेश में रियायत पाने हेतु जो छात्र राज्यस्तरीय या राष्ट्रस्तरीय खेलकूद प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं, उन सभी प्रमाणपत्रों का सत्यापन प्रवेशनीति में उल्लिखित संबंधित संस्थानों द्वारा होना अनिवार्य है।

(10) अभिभावक की गत वर्ष की वार्षिक आय का घोषणापत्र।

इस सूची के **छात्रों को अपना शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा कराना होगा, अन्यथा उनका प्रवेश स्वतः रद्द हो जाएगा और योग्यता क्रम में आगे के विद्यार्थियों को प्रवेश दे दिया जाएगा।**

प्रत्येक कक्षा में वर्गानुसार उपलब्ध सीटों की वरीयता सूची के साथ ही प्रथम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन भी किया जाता है. इसमें से निर्धारित सीटों तक प्रवेश योग्य आवेदकों को आनलाइन शुल्क जमा कराना होगा. प्रथम प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित प्रवेशार्थी भी इसी दौरान मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात आनलाइन फीस जमा करा सकते हैं.

प्रथम प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थी यदि निर्धारित समयावधि में मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात आनलाइन फीस जमा नहीं कराते हैं तो वे आगे की प्रवेश प्रक्रिया से वंचित रहेंगें..

प्रथम प्रतीक्षा सूची में शामिल प्रवेशार्थियों द्वारा फीस जमा करा देने का अर्थ उस कक्षा में उनका प्रवेश होना नहीं है. फीस इस वजह से जमा करवाई जाती है कि यदि उन से ऊपर वाले प्रवेशार्थी यदि प्रवेश नहीं लेते हैं तो प्रवेशित सूची में उनका स्थान सुनिश्चित हो सके. कक्षा में रिक्त स्थान होने एवं वरीयता क्रम में नाम आने पर ही उन्हें उस कक्षा में प्रोविजनल प्रवेश दिया जा सकेगा.

प्रथम वरीयता और प्रतीक्षा सूची के बाद भी प्रवेश पूर्ण नहीं होने की स्थिति मे द्वितीय वरीयता सूची और उसके बराबर ही द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी. इस सूची में नाम आने पर प्रवेशार्थी को महाविद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन के पश्चात आनलाइन फीस जमा करानी होगी. विशेष श्रेणी में अपेक्षित फार्म नहीं आने की स्थिति में श्रैणी कन्वर्जन और नये आवेदन पत्र लेने की भी प्रक्रिया की जाती है.

प्रवेशित विद्यार्थियों की अंतिम सूची के प्रकाशन के पश्चात शेष बचे ऐसे प्रवेशार्थी जिनका नाम प्रतीक्षा सूची में था और जिन्होने सत्यापन के पश्चात फीस भी जमा कराई थी की फीस की राशि उनके द्वारा बताये गये बैंक खाते में वापिस स्थानांतरित कर दी जायेगी

पूरक परीक्षा–योग्य घोषित छात्र भी प्रवेश आवेदनपत्र उक्त तिथियों तक महाविद्यालय में अवश्य प्रस्तुत कर दें। छात्र की शैक्षणिक उपलब्धियों को ही प्रवेश का मुख्य आधार माना जाएगा। पूरक परीक्षाओं के योग्य घोषित छात्रों की पात्रता का निर्धारण पूरक विषय में न्यूनतम उत्तीर्णांक जोड़कर किया जाएगा।

प्रत्येक छात्र को निर्धारित प्रपत्र में घोषित करना होगा कि वह किसी भी राजकीय, अर्द्धराजकीय अथवा निजी संस्था में सेवा नहीं कर रहा है। किसी भी प्रकार की नौकरी करनेवाले छात्रों को तभी प्रवेश दिया जा सकेगा, जबकि उनके नियोजक ने उन्हें प्राचार्य के नाम लिखित स्वीकृति दे दी हो (इस स्वीकृति को संलग्न करें).

स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन करते समय छात्र को यदि एक से अधिक विषयों में आवेदन करना हो तो प्रत्येक विषय के लिए पृथक–पृथक आवेदनपत्र भरना आवश्यक है। एक विभाग में दिया गया आवेदनपत्र दूसरे विभाग में प्रवेश हेतु विचारणीय नहीं होगा।

एक विषय/संकाय में प्रवेश लेने के पश्चात् यदि विद्यार्थी अन्य विषय/संकाय में नियमानुसार प्रवेश लेना चाहता है, तो यह तभी संभव होगा, जबकि विद्यार्थी ने अन्य संकाय/विषय में भी (जिसमें वह परिवर्तन चाहता है) प्रवेश–फार्म भरा हो एवं योग्यताक्रम में उसका नाम आता हो।

स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) के नियमित या पूर्व छात्र (Ex-Student) को, अस्थायी प्रवेश हेतु अंडरटेकिंग भरकर निर्धारित शुल्क के ड्राफ्ट के साथ दिनांक **21 जून 2022, सोमवार** तक अवश्य जमा कराना होगा।

सीट मेट्रिक्स

स्वीकृत सेक्शन्स : इस महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में सेक्शन्स एवं स्थानों की संख्या निम्नलिखित रूप से निर्धारित है :–

कक्षा	स्थानों की संख्या						
	सेक्शन	सामान्य	अनु.जाति	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	EWS	MBC	योग
बी. ए. पार्ट प्रथम	14	504	224	168	294	140	70	1400
बी. कॉम. पार्ट प्रथम	12	432	192	144	252	120	60	1200
बी. एससी. पार्ट प्रथम(जीवविज्ञान)	3	95	42	32	56	26	13	264
बी. एससी. पार्ट प्रथम(गणित)	3	95	42	32	56	26	13	264
बी. ए. ऑनर्स पार्ट I (भूगोल)	1	15	6	5	8	4	2	40
बी. ए. ऑनर्स पार्ट I (अर्थशास्त्र)	1	15	6	5	8	4	2	40
एम. ए. हिन्दी	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. अंग्रेजी	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. राजनीतिविज्ञान	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. इतिहास	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. भूगोल	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. अर्थशास्त्र	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. समाजशास्त्र	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. ए. लोकप्रशासन	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. कॉम. व्यावसायिक प्रशासन	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. कॉम. वित्तीय प्रबंध	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. कॉम. लेखा एवं सांख्यिकी	1	22	10	7	12	6	3	60
एम. एससी. भौतिकशास्त्र	1	11	5	4	6	3	1	30
एम. एससी. रसायनशास्त्र	1	11	5	4	6	3	1	30
एम. एससी. प्राणिशास्त्र	1	11	5	4	6	3	1	30
एम. एससी. वनस्पतिशास्त्र	1	11	5	4	6	3	1	30
एम. एससी. गणित	1	11	5	4	6	3	1	30
डी.सी.डबल्यू.ए.	1	7	3	3	4	2	1	20
डी.सी.एम	1	7	3	3	4	2	1	20
एम.फिल भौतिकशास्त्र	1	3	2	1	2	2	1	10
एम.फिल रसायनशास्त्र	1	3	2	1	2	2	1	10

नोट – विकलांग एवं कश्मीरी विस्थापितों के लिए क्रमशः 3 प्रतिशत व 1 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सामान्य वर्ग सहित सभी वर्गों में संबंधित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध होगा।

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर उपलब्ध पाठयक्रम

इस महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के अध्ययन की व्यवस्था उपलब्ध है. इन पाठ्यक्रमों में परिवर्तन व संशोधन संभव है. यह छात्रों का दायित्व होगा कि वे पाठ्यक्रम संबंधी किसी भी परिवर्तन की सूचना समय–समय पर प्राप्त करते रहें. पाठ्यक्रम एवं प्रश्नपत्र संबंधी छात्र की किसी भी त्रुटि के लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा.

सभी पाठ्यक्रम म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर के अनुरूप होंगे. विश्वविद्यालय द्वारा कोई परिवर्तन होने पर परिवर्तित पाठ्यक्रम ही लागू होगा.

नोट : 1. प्रत्येक कालांश एक घंटे का होगा.

2. नीचे दिए गये विषयों के सामने/नीचे कोष्ठक मे दिए गये अंक सम्बन्धित विषय की कोड संख्या है,जिन्हे आवेदन–पत्र में दिए गये कम्प्यूटर फार्म में आवश्यक रूप से अंकित करना है.

स्नातक कक्षाओं के पाठ्यक्रम

कला संकाय **(Faculty of Arts)**

महाविद्यालय में कला संकाय में स्नातक स्तर पर **बी.ए. (तीन वर्षीय)** और **बी. ए. ऑनर्स–भूगोल तथा अर्थशास्त्र (तीन वर्षीय)** दोनों पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं. जो छात्र दोनों पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करना चाहें, उन्हें निर्देशित किया जाता हैं कि वे दोनों पाठ्यक्रमों के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें.

बी. ए. पार्ट प्रथम

अनिवार्य विषय(Compulsory Subjects) :

1. सामान्य हिंदी (101) अथवा सामान्य अंग्रेजी (102)

2. पर्यावरण अध्ययन (108)

3. गांधी अध्ययन

वैकल्पिक विषय(Optional Subjects) :

निम्नलिखित चार समूहों में से किन्हीं तीन का चयन कर तीन ऐच्छिक विषयों का अध्ययन करना होगा.

1. हिदी साहित्य (114)	अथवा	अंग्रेजी साहित्य (118)
2. समाजशास्त्र (113)	अथवा	अर्थशास्त्र (115)
3. राजनीतिविज्ञान (112)	अथवा	लोकप्रशासन (116) अथवा संस्कृत
4. इतिहास (111)	अथवा	भूगोल (119)

नोट : बी. ए. पार्ट प्रथम में प्रवेश चाहने वाले छात्रों को प्रवेश आवेदन पत्र में वरीयता क्रम में चार वैकल्पिक विषय लिखने होंगे. प्रवेश समिति प्रत्येक विषय में उपलब्ध स्थानों को दृष्टिगत रखते हुए वरीयतानुसार इनमें से कोई तीन विषय छात्र को आवंटित करेगी.

बी. ए. पार्ट द्वितीय

1. हिंदी साहित्य (214)	अथवा	अंग्रेजी साहित्य (218)
2. समाजशास्त्र (213)	अथवा	अर्थशास्त्र (215)
3. राजनीतिविज्ञान (212)	अथवा	लोकप्रशासन (216) अथवा संस्कृत
4. इतिहास (211)	अथवा	भूगोल (219)

बी. ए. पार्ट तृतीय

1. हिंदी साहित्य (314)	अथवा	अंग्रेजी साहित्य (318)
2. समाजशास्त्र (313)	अथवा	अर्थशास्त्र (315)
3. राजनीतिविज्ञान (312)	अथवा	लोकप्रशासन (316) अथवा संस्कृत
4. इतिहास (311)	अथवा	भूगोल (319)

बी. ए. (आनर्स) पार्ट प्रथम

अनिवार्य विषय(Compulsory Subjects) :

1. सामान्य हिंदी (101) अथवा सामान्य अंग्रेजी (102) **2.** पर्यावरण अध्ययन (108)

वैकल्पिक विषय(Optional Subjects) :

मुख्य विषय के अतिरिक्त कोई एक विषय सहायक विषय के रूप में चुनकर अध्ययन करना होगा.

मुख्य विषय सहायक विषय

बी.ए. आनर्स पार्ट प्रथम

1. भूगोल (167) अर्थशास्त्र (115)/समाजशास्त्र (113) लोकप्रशासन(116)/राजनीतिविज्ञान (112)
2. अर्थशास्त्र (166) भूगोल(119)/इतिहास(111) लोकप्रशासन(116)/राजनीतिविज्ञान(112)

बी.ए. आनर्स पार्ट द्वितीय

1. भूगोल (267) अर्थशास्त्र (215)/समाजशास्त्र (213) लोकप्रशासन(216)/राजनीतिविज्ञान (212)
2. अर्थशास्त्र (266) भूगोल(219)/समाजशास्त्र(213) लोकप्रशासन(216)/राजनीतिविज्ञान(212)

बी.ए. आनर्स पार्ट तृतीय

1. भूगोल (367) अर्थशास्त्र (315)/समाजशास्त्र (313) लोकप्रशासन(316)/राजनीतिविज्ञान (312)
2. अर्थशास्त्र (366) भूगोल(319)/समाजशास्त्र(313) लोकप्रशासन(316)/राजनीतिविज्ञान(312)

वाणिज्य संकाय(Faculty of Commerce)

स्नातक कक्षाओं के पाठ्यक्रम

बी. कॉम. पार्ट प्रथम

अनिवार्य विषय(Compulsory Subjects) :

1. सामान्य हिंदी (101) अथवा सामान्य अंग्रेजी (102) **2.** पर्यावरण अध्ययन (108)
3. वित्तीय लेखांकन (103) (केवल गैर वाणिज्य विद्यार्थियों के लिए)
4. व्यावसायिक अध्ययन(104) (केवल गैर वाणिज्य विद्यार्थियों के लिए)

वैकल्पिक विषय(Optional Subjects) :

बी.कॉम पार्ट (प्रथम)	बी.कॉम पार्ट (द्वितीय)	बी.कॉम पार्ट (तृतीय)
1. लेखा एवं वित्त (141)	1. लेखा एवं वित्त (241)	1. लेखा एवं वित्त (341)
2. व्यावसायिक प्रबंध (142)	2. व्यावसायिक प्रबंध (242)	2. व्यावसायिक प्रबंध (342)
3. बैंकिंग एवं वित्तीय प्रबंध(143)	3.बैंकिंग एवं वित्तीय प्रबंध(243)	3.बैंकिंग एवं वित्तीय प्रबंध(343)

विज्ञान संकाय(Faculty of Science)

स्नातक कक्षाओं के पाठ्यक्रम

बी. एससी. पार्ट प्रथम

अनिवार्य विषय(Compulsory Subjects) :

1. सामान्य हिंदी (101) अथवा सामान्य अंग्रेजी (102) 2. पर्यावरण अध्ययन (108)

वैकल्पिक विषय(Optional Subjects) :

निम्नलिखित दो समूहों (Groups) में से किसी एक समूह का चयन कर तीन वैकल्पिक विषयों का अध्ययन करना होगा :–

बी.एससी. पार्ट प्रथम

1. भौतिकशास्त्र(131),	रसायनशास्त्र(132)	एवं	गणित (137)
2. रसायनशास्त्र (132),	प्राणिशास्त्र (134)	एवं	वनस्पतिशास्त्र (133)

बी.एससी. पार्ट द्वितीय

1. भौतिकशास्त्र(231),	रसायनशास्त्र (232)	एवं	गणित (237)
2. रसायनशास्त्र (232),	प्राणिशास्त्र (234)	एवं	वनस्पतिशास्त्र (233)

बी.एससी. पार्ट तृतीय

1. भौतिकशास्त्र(331),	रसायनशास्त्र (332)	एवं	गणित (337)
2. रसायनशास्त्र (332),	प्राणिशास्त्र (334)	एवं	वनस्पतिशास्त्र (333)

सत्र 2022–2023 में महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर उपलब्ध पाठयक्रम

महाविद्यालय 16 विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा उपलब्ध करवाता है.

(कला संकाय)

हिन्दी साहित्य
अंग्रेजी साहित्य
भूगोल
समाजशास्त्र
राजनीति विज्ञान
अर्थशास्त्र
लोक प्रशासन
इतिहास

(वाणिज्य संकाय)

लेखा एंव सांख्यिकी

आर्थिक प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंध

व्यावसायिक प्रशासन

(विज्ञान संकाय)

भौतिक शास्त्र
रसायन शास्त्र
वनस्पतिशास्त्र
प्राणिशास्त्र
गणित

One Year PG Diploma in Salesmanship and Marketing

One Year PG Diploma in Costs and works Accountancy

शोध सुविधा :

विभिन्न विषयों में शोध (Ph. D.) की सुविधा के अन्तर्गत भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, गणित, इतिहास, हिन्दी, भूगोल, समाजशास्त्र, लेखा एवं सांख्यिकी, व्यावसायिक प्रशासन, बैंकिंग एवं वित्तीय प्रबन्ध विषयों में म. द. स. विश्वविद्यालय, अजमेर से मान्यताप्राप्त शोध निर्देशकों के निर्देशन में शोध सुविधा उपलब्ध है। शोधार्थी संबंधित विषय के शोध निर्देशकों से सीधे सम्पर्क कर सकते हैं.

शुल्क तालिका

नोट : छात्राएँ शिक्षण शुल्क से मुक्त हैं।

2. अन्य शुल्क (प्रवेश के समय एक साथ देय)

	सामान्य वर्ग	अनु.जा/अनु.ज.जा./अ.पि.व.
प्रवेश शुल्क	2.00	2.00
खेल विकास शुल्क	50.00	25.00
महाविद्यालय विकास शुल्क	21.00	10.50
सामान्य प्रयोजन शुल्क	20.00	10.00
पत्रिका शुल्क	15.00	15.00
पुस्तकालय शुल्क	20.00	10.00
मुक्तद्वार प्रणाली शुल्क	10.00	5.00
वाचनालय शुल्क	25.00	12.50
छात्रसंघ शुल्क	50.00	50.00
समाज सेवा शुल्क	5.00	5.00
परिचयपत्र शुल्क	25.00	25.00
पुस्तकालय टिकट का मूल्य	6.00	6.00
साईकिल/वाहन शुल्क	20.00	20.00
गुणवत्ता सुधार शुल्क	14.00	7.00
विद्युत एवं पेयजल रख–रखाव	25.00	25.00
स्काउटिंग शुल्क	30.00	30.00
महाविद्यालय सुरक्षा एवं सफाई शुल्क	100.00	100.00
योजना मंच	10.00	10.00
विश्वविद्यालय क्रीडा शुल्क	30.00	30.00
एनसीसी	10.00	10.00
परिसर सोंदर्यकरण एवं स्वच्छता शुल्क	25.00	25.00
कॉशन मनी शुल्क	10.00	10.00
सांस्कृतिक गतिविधियाँ शुल्क	10.00	10.00
बीमा शुल्क	20.00	20.00
छात्र सहायता शुल्क	10.00	5.00
डाक शुल्क	5.00	5.00
महाविद्यालय विकास समिति शुल्क	300.00	300.00
छात्रा परिषद शुल्क(सिर्फ छात्राओं से)	30.00	00.00
टयूशन फीस(सिर्फ सामान्य छात्रों से)	180.00	00.00
कुल	926.00	813.00

नोट 1. प्रायोगिक विषय लेने पर स्नातक स्तर पर 100.00 रु. एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 150.00 रु.अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

2. जो विद्यार्थी महाविद्यालय में शोध कार्य कर रहे हैं/करेंगे, उन्हें विश्वविद्यालय के नियमानुसार निर्धारित शुल्क महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

3. यह अवधान राशि (कॉशनमनी) उसके महाविद्यालय छोड़ने के 3 वर्ष के भीतर ही लौटाई जा सकेगी।

4.अवधान राशि लौटाने के लिए छात्र को निर्धारित प्रपत्र पर ही आवेदन करना होगा। निर्धारित अवधि में नहीं ली जाने की स्थिति में वह राजकीय कोष में जमा करा दी जाएगी।

5. जिन छात्रों के पिता या अभिभावक आयकर नहीं देते हैं, उनको शिक्षण शुल्क में रियायत तभी दी जाएगी, जबकि वे इस हेतु आवेदनपत्र में निर्धारित प्रपत्र भरकर प्रस्तुत करेंगें।

6. निम्नलिखित श्रेणियों के छात्रों को आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर शिक्षण शुल्क से मुक्त किया जा सकेगा –(क) वे छात्र जो राज्य सरकार, पंचायत समिति या जिला परिषद् के सेवारत कर्मचारियों
(जो आयकर दाता नहीं हो) पर ही पूर्णतः निर्भर हों। (ख) भारतीय सेना में मोर्चे पर नियुक्त सैनिको के पुत्र।
(ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थी।

राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा छात्रों को देय प्रमुख छात्रवृत्तियाँ

1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा देय छात्रवृत्तियाँ –

राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विशेष पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त घुमंतू तथा अर्ध घुमंतु वर्ग के छात्रों को पोस्ट मैट्रिक अर्थात उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए राजस्थान उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध करवाई जाती है।

विभाग द्वारा डी.बी.टी. वाऊचर योजना के अन्तर्गत ऐसे प्रतिभावान छात्रों को प्रतिमाह 2 हजार रूपया किराया भत्ता दिया जाता है. जो शहरी परिक्षेत्र से दूर निवासरत है. जो शहर में आकर मकान किराया लेकर पढ़ना चाहते हैं.

आवेदन : छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आनलाइन करना होगा. जिसमें निम्नलिखित सूचनाएं आवश्यक हैं

छात्र एवं छात्रा का आधार कार्ड | Aadhar card of student and student
जाति प्रमाण पत्र | Caste Certificate
मूल निवास प्रमाण पत्र | Domicile Certificate
जन आधार कार्ड | Jan Aadhar Card
दसवीं की मार्कशीट | 10th Marksheet
आय प्रमाण पत्र | Income Certificate
फीस रसीद | Fees Rasid
बैंक खाता विवरण | Bank Account Details
अंतिम कक्षा पास की गई मार्कशीट | Last Class Passed Marksheet
यदि पिछले वर्ष पढ़ाई नहीं की तो गेम सर्टिफिकेट उपलब्ध करवाना है
छात्र द्वारा हस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज फोटो
विवाह होने की स्थिति में विवाह प्रमाण पत्र

❖ गैर अनुसूचित जनजाति क्षेत्र(माडा/बिखरी) के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति की उच्च शिक्षा में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को शैक्षिक प्रोत्साहन हेतु प्रति वर्ष 5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाति है. इस प्रोत्साहन राशि के साथ वह अन्य छात्रवृत्ति भी प्राप्त कर सकती है.

सम्पर्क
डॉ.बनवारी लाल आर्य

2. राजस्थान मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना

राज्य के जिन विद्यार्थियो ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर में 12 वी की परीक्षा में न्यूनतम 60 : अंको से उत्तीर्ण होना चाहिए. इस योजना के अंतर्गत राजस्थान के विधार्थियो के परिवारों की वार्षिक आय 2 लाख 50 हज़ार रूपये या उससे कम होनी चाहिए. इस योजना का लाभ सभी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगा. योजना में चयनित विद्यार्थियों को प्रति वर्ष 5000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है. इस योजना के लिए उन विधार्थियो को मिलेगा जिन्होंने राजस्थान माध्यमिक ाशिक्षा बोर्ड अजमेर की उच्च माध्यमिक परीक्षा वरीयता सूची में प्रथम एक लाख तक स्थान प्राप्त किया होगा.

योजना के तहत 12 वी की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षण संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 5 सालो तक ही छात्रवृति प्रदान की जाएगी. महाविद्यालय में प्रवेश लेने के बाद इच्छुक लाभार्थी राजस्थान मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना के अंतर्गत आवेदन करना चाहते है वह योजना की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है और इस योजना का लाभ उठा सकते है.

सम्पर्क
डॉ.कन्हैया लाल मीणा

3. राष्ट्रीय छात्रवृत्तियाँ : ये छात्रवृत्तियाँ उन छात्रों को प्रदान की जाती हैं जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर या विश्वविद्यालय में योग्यता सूची में स्थान प्राप्त करते हैं, व अन्य कोई छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहे हैं. छात्रवृति के लिए अब विद्यार्थियों को विभिन्न आवेदन फॉर्म नहीं भरने पड़ेंगे। उम्मीदवार अब स्कॉलरशिप का लाभ उठाने के लिए National Scholarship Portal पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल आधिकारिक वेबसाइट है। यह वेबसाइट इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लांच की गयी है। ये अल्पसंख्यक, विकलांग एवं प्रतिभावन छात्रों को छात्रवृति प्रदान करता है। इसमें एकल कन्या छात्रा को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है.

राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल छात्रों के लिए एक समस्या का समाधान है जो छात्रों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है। यह पोर्टल 50 अलग –अलग छात्रवृतियों के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। ये पोर्टल राष्ट्रीय–ई गवर्नेंस योजना के अंतर्गत मिशन मोड़ के तहत आता है। जिसमे छात्र या छात्राओं की अलग–अलग छात्रवृति होती है।

ध्यान रखे ये राष्ट्रीय छात्रवृति का लाभ उन्ही उम्मीदवारों को प्राप्त होगा जो सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड योग्यता को पूरा करेंगे। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल का उद्देश्य यही है की देश में जितने भी गरीब या विकलांग बच्चे है उनकी माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा के लिए सरकार द्वारा छात्रवृति प्रदान की जाएगी। आप भी इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं तो आप पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें।

सम्पर्क

डॉ.अश्विनी कुमार जोशी

4.देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना

राजस्थान राज्य के अति पिछड़े वर्गो में से आने वाली 5 जातियों यथा (1.बंजारा, बालदिया,लबाना, 2.गाडिया– लौहार, गोडोलिया 3.गुजर, गुर्जर 4.राईका, रेबारी (देवासी, देबासी) 5. गडरिया,(गाडरी),गायरी की छात्राओं को देय होगी. इसके लिए वे छात्रायें आवेदन की पात्र होंगी जिन्होंने 12 वीं कक्षा 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण कर महाविद्यालय में प्रवेश लिया है.

राज्य सरकार इस योजना में प्राथकिता से 1500 स्कूटी वितरत करती है. छात्रवृत्ति के आवेदनों की इससे अधिक संख्या होने पर सरकार बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है. योग्य छात्रायें महाविद्यालय में प्रवेश के बाद इस छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकती हैं.

5.काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना

कक्षा 12 में नियमित अध्ययन कर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने व महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को प्रात्साहित करने व उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित करने के लिए यह योजना राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है. राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 65 प्रतिशत से अधिक और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रायें इस योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकती है.

उच्च शिक्षा विभाग प्रति जिले के अनुसार 51 स्कूटी वितरण करता है. जिसमें से भी 20 विज्ञान, 28 कला व 3 स्कूटी वाणिज्य संकाय की छात्राओं के लिए निर्धारित होती है. अनुसचित जाति की छात्राओं के लिए भी सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग 1000 स्कूटी सम्पूर्ण राज्य की छात्राओं के लिए प्रोत्साहन स्वरूप वरीयता के आधार पर प्रदान करता है.

योग्य छात्रायें महाविद्यालय में प्रवेश के बाद इस छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकती हैं.

सम्पर्क

श्रीमती सुनिता चौधरी

सहशैक्षणिक गतिविधियाँ

1.राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य यह है कि छात्र अध्ययन के साथ साथ समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करें और राष्ट्रभक्त नागरिक बनें. कार्यक्रम को अभिनव बनाने के लिए राष्ट्रीय एकता, एड्स के प्रति जागरूकता, बस्ती गोद लेने की अनिवार्यता, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, महिला विकास एवं उत्थान तथा बंजर भूमि विकास, राष्ट्र/प्रदेश द्धारा संचालित विकास कार्यक्रमों की जानकारी देने आदि जैसे कार्यक्रमों को एकीकृत रूप में एन.एस. एस. के साथ जोड़ा गया है. एन. एस. एस. के साथ जुड़कर छात्र छात्राएँ ऐसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूक हो सकते हैं तथा इस प्रकार समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं।

एन. एस. एस. में छात्र को नियमित गतिविधियों के अंतर्गत दो वर्ष में 240 घंटे रुचि के क्षेत्र में कार्य करना होता है। नियमित गतिविधियों में छात्रों के लिए विभिन्न विषयो में पुनर्विन्यास,वाद विवाद, आशुभाषण, क्विज, जागरूकता आदि कार्यक्रम महाविद्यालय द्धारा चयनित बस्ती में आयोजित किए जाते हैं तथा उन्हें एक दस दिवसीय विशेष शिविर में भाग लेना होता है। उत्कृष्ट कोटि का कार्य करनेवाले स्वयंसेवकों को प्रत्येक वर्ष राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जाता है।

हमारे महाविद्यालय में राज्य सरकार द्धारा एन. एस. एस. की चार इकाइयाँ स्वीकृत हैं, जिनमें प्रत्येक वर्ष 400 छात्र–छात्राएँ पंजीकृत किए जाते हैं। एन. एस. एस. की गतिविधियों में भाग लेने के लिए कोई पंजीकरण शुल्क देय नहीं है, परन्तु प्रत्येक इच्छुक छात्र/छात्रा को एक आवेदनपत्र निर्धारित तिथि तक भरना आवश्यक है, जो महाविद्यालय के एन. एस. एस. प्रभारी/कार्यक्रम अधिकारी से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता हैं.

कार्यक्रम अधिकारी

1.डा. कान्ता मीणा

2.डा. राजश्री सेठी

3.श्री राजु राम घांसी

4.लक्ष्मण लाल गुर्जर

2. राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन. सी. सी.)

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन. सी. सी.) युवा शक्ति को सार्थक दिशा देने के लिए ऐसे प्रयास का नाम है, जो विद्यार्थियों में उच्चतम चारित्रिक मूल्यों के विकास के साथ साहस, सहकारिता, निःस्वार्थ सेवा, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, अनुशासन व एकता की भावना को विकसित करने के साथ ही उन्हें सशस्त्र सेना एवं जीवन के अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व कर सकने की योग्यता विकसित करने का भी प्रयास करता है। सैन्य जीवन के परिचय के साथ, नौकायन, पर्वतारोहण, साइकिल/मोटरसाइकिल यात्रा, पैराजम्पिंग जैसे

साहसिक व रोमांचक अनुभव प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है. देश विदेश की यात्रा, सैन्य अधिकारी बनने तथा विशिष्ट कैम्पों में भागीदारी का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है।

महाविद्यालय में एन. सी. सी. के कुल 200 स्थान निर्धारित हैं। प्रथम वर्ष के कुल स्थानों की संख्या द्वितीय वर्ष में सी–प्रमाणपत्र से पास होने वाले / महाविद्यालय छोड़ने वाले कैडेट पर निर्भर करेगी.

(1) वर्तमान सत्र से एन.सी.सी. का पाठ्यक्रम तीन वर्षीय हो गया है.

(2) एन. सी. सी. में प्रवेश जुलाई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा. जिसकी तारीख की सूचना सूचनापट पर लगा दी जाएगी.

(3) प्रवेश सेना के शारीरिक मापदंडो के अनुरूप किया जाएगा। यदि आवश्यकता हुई तो लिखित परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है.

(4) बी प्रमाणपत्र के लिए एक वर्ष एवं सी प्रमाणपत्र के लिए निरंतर दो वर्षों तक महाविद्यालय का नियमित छात्र होना आवश्यक है, साथ ही एन. सी. सी. में प्रत्येक वर्ष 75 प्रतिशत उपस्थिति तथा दो कैम्प होना अनिवार्य है, अन्यथा उनको प्रमाणपत्र व परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा.

सम्पर्क

प्रभारी –लेफ्टिनेन्ट डा. संजय गोदारा

3.रोवर स्काउटिंग :

स्काउटिंग का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के विकास में इस तरह से योगदान करना है जिससे उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्विक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक अन्तःशक्तियों की उपलब्धि हो. महाविद्यालय में रोवर स्काउट्स की 02 तथा रेंजर गाईड्स की 01 ईकाई संचालित है। प्रत्येक ईकाई में 24 रोवर–रेंजर होते हैं. इस प्रकार महाविद्यालय में कुल 48 रोवर्स तथा 24 रेंजर्स पंजीकृत हैं.

प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र इसकी सदस्यता आवेदनपत्र के साथ 10 वीं की अंकतालिका एवं परिचयपत्र की प्रति देकर ग्रहण कर सकते हैं. योग्य रोवर्स को विशेष प्रशिक्षण हेतु आयोजित राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय शिविरों मे भेजा जाता है. रोवर्स को उनकी सक्रियता के अनुरूप प्रवीण, निपुण एंव राष्ट्रपति रोवर अवार्ड हेतु योग्यता अनुसार अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

सम्पर्क

प्रभारी रोवर लीडर – डॉ. पयोद जोशी

4.खेलकूद :

महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक खेल बोर्ड का गठन किया गया है. खेल बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न खेलकुद प्रतियोगिताओं हेतु टीमों का चयन किया जाता है.

